आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 01.10.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- ग्रामीण विकास, पंचायती राज और शहरी स्थानीय निकाय सचिव अर्जुन शर्मा ने कहा है कि द्वीपों में सरकार की सभी योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन करने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में सहयोग देने के लिए तीन निजी अस्पतालों को सम्मानित किया गया है।
- हिन्दी पखवाड़ा का कल समापन हो गया।
- एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह ने भारतीय वायु सेना के नए प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला ।
- विद्युत विभाग का गाराचरमा साईट कार्यालय आज से कार्य करना आरंभ कर देगा।

<><><><><><><>

ग्रामीण विकास, पंचायती राज और शहरी स्थानीय निकाय सचिव अर्जुन शर्मा ने कहा है कि द्वीपों में सरकार की सभी योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन करने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि समुदायों को शामिल कर योजनाओं के लाभ के बारे में भी जागरूकता उत्पन्न की जा रही है, ताकि लोग इनका लाभ उठा सके।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में सहयोग देने के लिए तीन निजी अस्पतालों को सम्मानित किया गया है। स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में विशेष सचिव स्वास्थ्य और संघशासित स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक डॉ. अनिल अग्रवाल ने इन संस्थानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इनमें अरूण अस्पताल डॉलीगंज, स्वास्थ्य मेडिकल सेन्टर भातुबस्ती और चेन्नई श्री बालाजी स्कैन सेन्टर फीनिक्स बे शामिल है। द्वीपों में इन तीनों निजी अस्पतालों द्वारा अभियान के तहत निशुल्क सेवाएं प्रदान की जा रही है। इनके अलावा दस निजी डॉक्टरों ने भी पिछले वर्ष नौ मार्च से स्वैच्छिक रूप से सेवाएं प्रदान करने के लिए शपथ ली है। ये योजना द्वीपसमूह में नौ सितम्बर दो हजार सोलह में शुरू की गई थी और प्रत्येक महीने के नौ तारीख को चिन्हित सार्वजनिक तथा निजी स्वास्थ्य संस्थानों में जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही है।

योजना की स्थापना से लेकर अब तक उनतीस हजार पांच सौ से अधिक गर्भवती महिलाओं की जांच की जा चुकी है और निजी डॉक्टरों द्वारा तीन सौ से अधिक परामर्श सेवाएं तथा अल्ट्रा सोनोग्राफी प्रदान की गई है।

<><><><><><><>

हिन्दी पखवाड़ा का कल समापन हो गया। भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के क्षेत्रीय केन्द्र में कल हिन्दी पखवाड़ा का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्यारी के निदेशक डॉ. ई बी चाकुरकर मुख्य अतिथि थे। उन्होंने अपने संबोधन में हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विभाग के कर्मचारियों से सरकारी कार्यों में हिन्दी के प्रयोग पर बल दिया। उपस्थिति का स्वागत करते हुए भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के प्रभारी डॉ. सी. शिवापेरूमन ने दैनिक कामकाज में हिन्दी के प्रयोग पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

उधर, भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण की ओर से भी हिन्दी पखवाड़ा का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के प्रभारी डॉ. सी. शिवापेरूमन मुख्य अतिथि के रूप में दैनिक कार्यों में हिन्दी के प्रयोग के महत्व के बारे में बताया। विभाग के अपर निदेशक डॉ. लालजी सिंह ने कार्यालय के साथ–साथ दैनिक जीवन में हिन्दी के उपयोग के महत्व पर बल दिया।

<><><><><><><>

एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह ने कल भारतीय वायु सेना के नए प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला। इससे पहले, उन्होंने फरवरी दो हजार तेईस से वायु सेना के उप प्रमुख के रूप में कार्य किया था। एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह को दिसंबर उन्नीस सौ चौरासी में भारतीय वायु सेना के लड़ाकू पायलटों में नियुक्त किया गया था। लगभग चालीस वर्षों की लंबी और प्रतिष्ठित सेवा के दौरान, उनकी नियुक्ति विभिन्न कमान तथा स्टाफ में की गई।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला परिषद के सामाजिक न्याय समिति की अध्यक्षा मरियम बीबी के नेतृत्व मे एक प्रतिनिधिमंडल ने कल जहाजरानी उप–निदेशक बी सी सरकार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उप–निदेशक को बम्बूफ्लाट–चाथम के बीच यात्री फेरी सेवा के उपलब्ध न होने के कारण लोगों को विशेष रूप से शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों को हो रही परेशानी से अवगत कराया।

प्रतिनिधिमंडल ने उप–निदेशक से यात्री फेरी सेवा को फिर से बहाल करने और टिकट काउंटर को यात्री हॉल से हटाकर चाथम जेट्टी के शेड पर स्थानांतरित करने का अनुरोध किया। उप–निदेशक ने आश्वासन दिया कि जल्द ही फेरी सेवा को बहाल करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

<><><><><><><>

विद्युत विभाग का गाराचरमा साईट कार्यालय आज से कार्य करना आरंभ कर देगा। यह नया कार्यालय पत्थरगड्ढा जंक्शन में विद्युत भवन के उप–संभागीय कार्यालय के दूसरे तले पर स्थापित किया गया है। इस साईट कार्यालय की स्थापना का उद्देश्य उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है और इस कार्यालय के माध्यम से नए कनेक्शन, बिलों का भुगतान और उनकी शिकायतों का समाधान भी किया जाएगा। विद्युत विभाग की वेबसाइट में जाकर गाराचरमा साईट कार्यालय से जुड़ने वाले उपभोक्ता अपने खाता संख्या की जांच कर सकते हैं। पूछताछ या सहायता के लिए उपभोक्ता मेल पर या फोन सख्ंया दो पांच शून्य दो पांच आठ पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिले में राष्ट्र विरोधी ताकतों के संदिग्ध गैर गतिविधियों को रोकने और जनता तथा उनकी सम्पत्तियों की रक्षा के लिए जिला मजिस्ट्रेट ने सभी होम स्टे मालिकों के लिए आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि ऐसे राष्ट्र विरोधी तत्व होम स्टे का सहारा लेते हुए द्वीपसमूह में गैर कानूनी गतिविधियों को अंजाम दे सकते हैं, जिससे व्यक्ति और सम्पत्ति दोनों को खतरा हो सकता है। ज़िला मजिस्ट्रेट ने पर्यटन विभाग के साथ पंजीकृत सभी होम स्टे मालिकों से आदेश का सख्ती से पालन करने को कहा है।

<><><><><><><>

विश्व वृद्धजन दिवस मनाए जाने के सिलसिले में आज चिन्मय मिशन श्री विजयपुरम में वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम शाम छः बजे मिशन के सभागार में आयोजित होगा। इस अवसर पर मुख्य सचिव केशव चन्द्र मुख्य अतिथि होंगे।

उधर, अखिल विश्व गायत्री परिवार, हरिद्वार के सहयोग से गायत्री परिवार ट्रस्ट हैडो की ओर से जंगलीघाट के खेतान कल्याण मंडपम में कल सामूहिक श्राद्ध तर्पण का आयोजन किया जाएगा।

शांतिकुंज हरि्द्वार के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में पितरों के लिए विशेष तर्पण और पिंडदान के अलावा ग्यारह कुंडीय गायत्री महायज्ञ भी रखा गया है। कार्यक्रम कल सुबह सात बजे से आरंभ होगा और बाद में प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय पोषाहार संस्थान हैदराबाद की ओर से द्वीपसमूह में डाईट और भारतीय बायोमार्कर सर्वेक्षण का कार्य किया जाएगा। प्रशासन के स्वास्थ्य सेवा निदेशालय ने इसके लिए सैद्धान्तिक रूप से अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। सर्वेक्षण के माध्यम से द्वीपसमूह में लोगों की पोषाहार की स्थिति और स्वास्थ्य की जानकारी एकत्र की जाएगी। ये सर्वेक्षण द्वीपसमूह सहित सभी अट्ठाईस राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में किया जा रहा है, जिसका उद्‌घाटन इस वर्ष आठ जुलाई को हुआ। सर्वेक्षण का कार्य डॉ. आयशा उमेरा खान और डॉ. श्वेता द्वारा डॉ. अनूप गौतम के सहयोग तथा डॉ. साइराम के समन्वय के साथ किया जा रहा है। सर्वेक्षण का कार्य दक्षिण अंडमान ज़िले के इक्कतीस प्राथमिक नमूने इकाईयों में पूरा कर लिया गया है। अब इस कार्य को मध्योत्तर अंडमान में शुरू किया गया है और एक नवम्बर से निकोबार ज़िले में इसे शुरू किया जाएगा। सर्वेक्षण का कार्य पूरा करने के बाद द्वीपों में पोषाहार की स्थिति में सुधार के लिए प्रस्तावों के साथ निष्कर्ष साझा किया जाएगा। लोगों से सर्वेक्षण के कार्य में सहयोग देने को कहा गया है।

<><><><><><><>